



# अवैध कॉलोनियों को लेकर प्रशासन का सख्त रूख

## जांच दल गठित, कॉलोनी सेल बनाने की प्रक्रिया भी जारी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 24 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त रूख अपनाया है, आज हुई अवैध कॉलोनियों की कार्यवाही के बाद ओर भी कई मामले संज्ञान में आने पर प्रशासन ने कडा रूख अपनाते हुए जांच दल गठित करने की कार्यवाही की है, साथ ही लोगों से अपील की है कि अवैध कॉलोनियों में प्लाट को खरीद फरोख्त से बचे, इसके लिए मार्गदर्शन हेतु कॉलोनी सेल बनाने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में आज की गई कार्यवाही के उपरांत तहसीलदार द्वारा अवैध कॉलोनी के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है कि सलापुरा नहर के नजदीक खाटू श्याम मंदिर के पास स्थित कस्बा श्योपुर की भूमि सर्वे क्रमांक 410 रकबा 0.460 हे., 418 रकबा 0.115 हे., 420 रकबा 0.240 हे., 424 रकबा 0.502 है. कुल किता 4 कुल रकबा 1.3170 हे. वर्तमान में राजस्व अभिलेख में गिर्राज गुप्ता पुत्र स्व. बाबूलाल गुप्ता चिंताहरण हनुमान मंदिर नहर के पास वार्ड नं. 10 श्योपुर के नाम एवं 413 रकबा 0.876 हे., 419 रकबा 0.366 है., 421 रकबा 0.052 हे. 422 रकबा 0.481 हे., 423 रकबा 0.063 है., एवं 425 रकबा 0.314 कुल किता 06 कुल रकबा 2.152 हे. जो वर्तमान अभिलेख में श्याम कुमार गर्ग, रामबाबू गर्ग एवं कृष्ण कुमार गर्ग पुत्रगण केदार प्रसाद गर्ग जाति वैश्य निवासीगण मार्गा कॉलोनी बायपास रोड पर समान भाग पर भूमिस्वामी स्वत्व पर दर्ज है।

उक्त भूमि पर भूमिस्वामी द्वारा मौके पर वर्तमान में डब्ल्यूबीएम रोड बनाकर कॉलोनी विकसित की जा रही है। इस मामले में जांच समिति का गठन किया गया है, समिति में एसडीएम गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, उप पंजीयक स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन श्योपुर सौरव शाक्य, राजस्व निरीक्षक दिव्यराज धाकड़, पटवारी पुरुषोत्तम राठौर शामिल है। उक्त समिति तीन दिवस में जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने लोगों से अपील की है कि गिर्राज गुप्ता कॉलोनाइजर द्वारा यदि अन्य स्थानों पर भी कॉलोनी विकसित की गई है तो जांच पडताल के बाद ही प्लाट का क्रय-विक्रय किया जायें।

इसके साथ ही निर्देश दिये गये है कि उप पंजीयक श्योपुर यह सुनिश्चित करें कि उपरोक्त सर्वे नम्बरों में क्रय-विक्रय पंजीयन भू खण्ड के रूप नहीं किया जाए। अनुविभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैधानिक निर्माण नहीं किया जाये।

**कॉलोनी सेल बनाने की प्रक्रिया जारी:** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा है कि आये दिन जनसुनवाई सहित अन्य माध्यमों से अवैध कॉलोनियों के मामले संज्ञान में आते रहे है, सबसे ज्यादा परेशानी आम लोगों को होती है, जो इन कॉलोनियों में प्लाट खरीद लेते है, लेकिन कॉलोनी वैध नही होने से उन्हें बिजली, पानी, सडक आदि की सुविधाएं नही मिल पाती है, बगैर डायवर्सन तथा अन्य अनुमतियों के नामांतरण नही हो पाते है, लोगो के मकान के लिए आवास ऋण भी नही मिलता है, ऐसे में आम नागरिको को परेशानी का सामना करना पडता है। कॉलोनी वैद्य रूप से विकसित की जाये तो नागरिक सुविधाओं का लाभ प्लाट खरीदने वालों को मिलता है। इसलिए मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में कॉलोनी सेल बनाने की प्रक्रिया भी की जा रही है। इस सेल से किसी भी कॉलोनी में प्लाट खरीदने से पहले एनओसी प्राप्त कर सकते है तथा कॉलोनी वैद्य है या अवैध इसके संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है, ताकि लोगों को भू-खण्ड खरीदने के बाद नामांतरण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़ें।

### यह रहेंगे जांच के बिन्दु, क्रय-विक्रय पंजीयन नही करने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वमा द्वारा आज कॉलोनियों पर कार्यवाही करते हुए जांच दल गठित किया गया है, जो जांच करेंगा कि उपरोक्त भूमि कब और कैसे किसके नाम रही है, यह भूमि पूर्व में शासकीय पट्टे एवं भूदान की तो नहीं रही है, अवैध कॉलोनी विकसित करने दौरान कितने वृक्ष काटे गये। क्या काटे गये वृक्ष नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर काटे गये है। दोषी के विरूद्व क्या कार्यवाही की गई है। क्या कॉलोनी विकास की अनुमति प्राप्त किये बगैर कॉलोनी में भू खण्ड एवं डब्ल्यूबीएम रोड़ निर्मित किये गये है। क्या कॉलोनी विकास की अनुमति प्राप्त किये गये बगैर भूखण्ड विक्रय किये गये है तो अभी तक विक्रय किये गये भू खण्ड की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करें। अवैधानिक कॉलोनी विकसित करने वाले दोषी व्यक्ति कौन है तथा उसके विरूद्ध पुलिस प्राथमिक दर्ज कराई गई है अथवा नहीं।

### भू-खण्ड खरीदने वालों के लिए एडवाईजरी जारी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की ओर से श्योपुर जिले में प्लाट संपत्ति खरीदने वालो के लिए एडवाईजरी जारी की गई है कि जिस स्थान अथवा कॉलोनी में प्लाट खरीद रहे हो, तो पहले उसकी जांच पड़ताल कर लें। अवैध कालोनियों में प्लाट खरीदने से बचे, इसके साथ ही उन्होने कॉलोनाईजरो को निर्देश दिये है कि अपनी-अपनी कॉलोनी साइड पर बोर्ड लगाकर उस पर जानकारी प्रदर्शित की जायें। इस जानकारी में कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रेशन, टीएनसीपी की मंजूरी का क्रमांक, डायवर्सन तथा भूमि जिससे खरीदी गई है, उसका रजिस्ट्री क्रमांक, नाम आदि जानकारी अंकित करना होगी।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थान अथवा कॉलोनी में प्लाट खरीदने से पहले यह सुनिश्चित कर ले कि कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रेशन है, भूमि डायवर्टेड है, टीएनसीपी तथा अन्य प्रशासनिक स्वीकृतियां है संपूर्ण जानकारी करने तथा वैद्य तरीके से कॉलोनी काटी गई हो, उसी में प्लाट खरीदें। इसके साथ ही भवन की स्वीकृति लेकर ही भवन निर्माण करायें। उन्होने कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लाट लेने से नामांतरण नही हो पाते, जिसके चलते न तो लोन की सुविधा मिल पाती है और न ही बिजली, पानी, सडक आदि बुनियादी सुविधाएं इसलिए नागरिक प्लाट खरीदते समय सर्तकता बरते तथा जांच परख करने के बाद ही प्लाट खरीदे। कलेक्ट्रेट में भी कॉलोनी सेल बनाई जा रही है, जो वैद्य और अवैध कॉलोनियों के संबंध में खरीददारों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।



# कॉलेज चलो अभियान में विद्यार्थियों को दी नई शिक्षा नीति की जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 24 दिसम्बर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गसवानी में सोमवार को कॉलेज चलो अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय महा विद्यालय विजयपुर की प्रतिनिधि टीम ने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति एवं महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान कीं। कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गसवानी के साथ-साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय विजयपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिका निवास इकलौद तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहसराम में पहुंचकर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसरों से अवगत कराया। इस दौरान महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों, सह-शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक प्राध्यापक डॉ. अंकिता कमाले ने किया। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार भारद्वाज ने कौशल विकास कार्यक्रमों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सहायक प्राध्यापक डॉ. आदित्य सक्सेना ने छात्राओं के लिए संचालित विशेष प्रोत्साहन योजनाओं एवं छात्रवृत्तियों की जानकारी दी, जबकि दीपशिखा केदारे ने नई शिक्षा नीति के पैटर्न को सरल शब्दों में समझाया।



# विजयपुर में कोठरी पैलेस में हुआ विधिवत भूमि पूजन

**विजयपुर।** शहर में 4 जनवरी को प्रस्तावित हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को कोठरी पैलेस में विधिवत भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाकाल मंदिर से हुई, जहां से सकल हिन्दू धर्मावलंबी भगवा ध्वज लेकर कोठरी पैलेस तक पहुंचे। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच निकली यह ध्वज यात्रा शहर में आस्था और उत्साह का केंद्र बनी रही। 4 जनवरी को ही सुबह भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति भाग लेगी। आयोजकों का कहना है कि हिन्दू सम्मेलन समाज को एकजुट करने, सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने और युवाओं को धर्म से जोड़ने का मंच बनेगा। सम्मेलन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है।

# फर्जीवाड़े से घटाई उम्र! सरकारी रिकॉर्ड से आधार तक हेराफेरी, श्योपुर में बड़ा खुलासा

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 24 दिसम्बर।** जिले में सरकारी दस्तावेज़ों के साथ कथित छेड़छाड़ और कूटरचना का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों के अनुसार, एक महिला द्वारा अपने सगे भाई के साथ मिलकर फर्जी अभिलेख, कूटरचित शपथ पत्र और जाली हस्ताक्षरों के सहारे न केवल अपनी जन्मतिथि बदली गई, बल्कि उसी आधार पर आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज़ में भी हेराफेरी कराई गई।

शिकायत में बताया गया है कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय पांचो कॉलोनी, वीरपुर के मूल अभिलेखों में संबंधित महिला की जन्मतिथि 12 दिसंबर 1989 दर्ज है, जबकि बाद में योजनाबद्ध तरीके से दस्तावेज़ तैयार कर जन्मतिथि 16 मार्च 1996 दर्ज कराई गई। इस तरह कथित रूप से महिला ने अपनी उम्र करीब 7 वर्ष कम करा ली। शिकायत के अनुसार, इस पूरे मामले में आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़े कथित फर्जी प्रमाण पत्र, बनावटी शील-हस्ताक्षर और मृत पिता के नाम से कूटरचित शपथ पत्र तैयार किए गए। इन दस्तावेज़ों को असली बताकर तहसील कार्यालय श्योपुर में प्रस्तुत किया गया, जहां से जन्म प्रमाण पत्र जारी कराया गया। मामले का सबसे गंभीर पहलू यह बताया जा रहा है कि एक ही आधार नंबर पर अलग-अलग जन्मतिथियों वाले दो आधार कार्ड सामने आए हैं, जिससे राष्ट्रीय पहचान प्रणाली की विश्वसनीयता और सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि कथित रूप से महिला द्वारा कूटरचित दस्तावेज़ों के आधार पर अपनी उम्र 7 वर्ष कम कराकर, कम की गई जन्मतिथि वाले दस्तावेज़ों का उपयोग विभिन्न शासकीय योजनाओं और लाभों को प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है। आरोप है कि ये दस्तावेज़ शासन से अवैध लाभ लेने के उद्देश्य से बनवाए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार, महिला की जन्मतिथि से जुड़े दस्तावेज़ों में की गई कूटरचना में उसके भाई दीपक दंडोतिया द्वारा फर्जी दस्तावेज़ बनवाने और अन्य प्रक्रियाओं में सहयोग किया गया। इस कारण शिकायत में अपराध को गंभीर और दंडनीय प्रकृति का बताया गया है। प्रकरण क्रमांक 248/व-121/2023-24 के तहत यह मामला तहसीलदार कार्यालय श्योपुर में दर्ज है। आरोप है कि 3 अगस्त 2024 को कूटरचित दस्तावेज़ों के आधार पर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश पारित किया गया, जिससे प्रशासन को गुमराह किया गया। शिकायतकर्ता जितेंद्र शर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर मांग की है कि महिला जूली उर्फ छवि, उसके भाई दीपक दंडोतिया तथा अन्य दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया जाए। साथ ही फर्जी दस्तावेज़ तैयार करने वालों और इस प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों की भूमिका की भी उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर जांच प्रक्रिया जारी बताई जा रही है, लेकिन मामले के सामने आने के बाद सरकारी रिकॉर्ड की विश्वसनीयता और निगरानी व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

# सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

## रस्साकसी, गोला फेक, कबड्डी एवं दौड का हुआ आयोजन




**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 24 दिसम्बर।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से हर गांव और शहर में छिपी प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आज सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित क्रीडा परिसर ढेगदा में जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी, रस्साकसी, गोला फेक, 100 मीटर दौड की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। विकासखण्ड स्तर पर विजेता टीमों के द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अशोक गर्ग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट एवं श्रीमती सरोज तोमर, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, दिनेश दुबोलिया, सत्यानारायण यादव सहित सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, खेल अधिकारी अरूण सिंह चौहान, क्रीडा अधिकारी शिक्षा विभाग अजय त्रिवेदी आदि खेल शिक्षक उपस्थित थे।

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत प्रतियोगिताओ का शुभारंभ सांसद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्योपुर के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना एवं अपने जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। खिलाड़ियो की हौसला अफ्जाई करते हुए कहा कि आप लोगों में से भी दूती चंद, नीरज चोपड़ा, पी.वी.सिंधु (सभी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी) जैसे खिलाड़ी निकल सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि खेलो एम.पी. यूथ गेम्स के माध्यम से आप लोग खेलो में अच्छा प्रदर्शन कर संभाग एवं राज्य स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकते है। उन्होंने कहा कि खेलो से अनुशासन की भावना आती है तथा खेलो के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण द्वारा अपने उद्बोधन में कहा किया गया कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सांसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाडियों को आगे बढने का मौका मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने कहा कि शासन द्वारा खेलो के विकास के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे है, इस दिशा में खिलाडियों को सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है। वर्तमान समय में खेलो के माध्यम से युवा बेहतर कैरियर भी बना रहे है। श्योपुर जिले की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय एवं अर्तराष्ट्रीय मंच पर अपना प्रदर्शन कर रही है। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। **प्रतियोगिताओं में यह रहे विजेता:** सांसद खेल प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, गोला फेक, दौड एवं रस्साकसी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिला स्तर पर आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता के दौरान विगत दिनों मंडल स्तर पर आयोजित विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों ने भाग लिया। जिला स्तर पर आयोजित उक्त प्रतियोगिता के कबड्डी बालक वर्ग में श्योपुर विकासखण्ड की टीम विजेता रही, जबकि कराहल विकासखण्ड की टीम उप विजेता बनी। रस्साकसी बालक वर्ग में श्योपुर की टीम ने प्रथम तथा कराहल की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में श्योपुर की टीम प्रथम तथा विजयपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड प्रतियोगिता में विजयपुर के प्रशांत धाकड विजेता रहे, जबकि श्योपुर के विवेक वैष्णव दूसरे स्थान पर रहे। गोला फेक प्रतियोगिता में विष्णु राठौर विजयपुर ने प्रथम तथा अंकित रजक श्योपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# सुशासन सप्ताह अंतर्गत रतोदन, गसवानी में शिविर आयोजित

**श्योपुर, 24 दिसंबर।** सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के क्रम में आज श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम रतोदन एवं विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम गसवानी में शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया। श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम रतोदन एवं विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम गसवानी में आयोजित शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित किया किया। परियोजना अधिकारी एवं अभियान की नोडल श्रीमती राजेश शर्मा ने बताया कि सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में आज लगाये गये शिविरों के दौरान कुल 309 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 263 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनो के निराकरण हेतु समय सीमा निर्धारित की गई। गसवानी में आयोजित शिविर के दौरान 152 आवेदनों में से 143 का निराकरण किया गया तथा 28 हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ में हितलाभ का वितरण किया गया।

# उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें : एडीएम



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 24 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में कलेक्टेव्र्ट सभागार में आयोजित राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उपभोक्ता सदैव अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। उपभोक्ता अधिनियम के तहत वस्तुओं एवं अन्य सामग्री के क्रय-विक्रय से संबंधित नियम बनाये गये है। जिसके तहत उपभोक्ताओं को कानूनी अधिकार दिये गये है।

खाद्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, उपभोक्ता फोरम की सदस्य श्रीमती संगीता बंसल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन सहित अन्य विभागो के अधिकारी, गैस एजेन्सियों के प्रतिनिधि, उपभोक्ता आदि उपस्थित रहें। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि उपभोक्ता अपने अधिकारो के प्रति जागरूक बने तथा कोई भी वस्तु अथवा सामग्री की खरीद के समय बिल अवश्य प्राप्त करें। वस्तुओं एवं सामग्री की खरीद फरोख्त से पूर्व उसकी गुणवत्ता की जांच कर लें। उपभोक्ता अधिनियम के तहत इसकी शिकायत की जा सकती है तथा संबंधित कंपनी अथवा विक्रेता पर दावा किया जा सकता है।

प्रभारी अधिकारी फूड एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत अब नये नियम लागू किये गये है, जिसमें उपभोक्ताओं को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वस्तु कही से भी खरीदी हो यदि आपके साथ धोखाधडी हुई है तो, आप अपने निवास क्षेत्र अथवा कार्यक्षेत्र स्थित उपभोक्ता फोरम में अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा उन्होने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक करते हुए जानकारी प्रदान की गई।

उपभोक्ता फोरम की सदस्य श्रीमती संगीता बंसल ने इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अंतर्गत कानून की जानकारी दी गई तथा जिला उपभोक्ता फोरम में क्लेम के संबंध में जानकारी दी गई, उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता ठगी का शिकार होते है और उनके पास पक्का बिल हो तो वे उनके माध्यम से क्लेम कर सकते है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता ई-जागृति पोर्टल पर शिकायत कर सकते है।

कार्यक्रम के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन द्वारा

# श्रीरामचरितमानस सम्मेलन में पहुंचे सेवड़ा विधायक



**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 24 दिसम्बर।** ग्राम बरजोरपुरा स्थित टीकरबाली माता मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य श्रीरामचरितमानस सम्मेलन में आज धार्मिक वातावरण और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इस पावन अवसर पर सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित हुए और सर्वप्रथम मां टीकरबाली के दर्शन कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की।मंदिर दर्शन के पश्चात विधायक अग्रवाल सम्मेलन स्थल पर मंच पर पहुंचे, जहां उन्होंने परम पूज्य महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वे मंच के नीचे श्रद्धालुओं के बीच बैठकर श्रीरामचरितमानस कथा का रसपान करते नजर आए। विधायक का यह सादगीपूर्ण और श्रद्धाभाव से भरा व्यवहार उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक रहा श्रीराम चरितमानस सम्मेलन के दौरान कथा वाचक द्वारा प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा, भक्ति, त्याग और सामाजिक समरसता पर आधारित प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा श्रवण करते हुए पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए। पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के जयघोष और भजनों से भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर विधायक अग्रवाल ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला पथप्रदर्शक है। इससे समाज में संस्कार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का संचार होता है। ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं और नई पीढ़ी को अपने मूल्यों से जोड़ते हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सुजान रावत, राकेश खटीक, रामनिवास गुप्ता, खेमराज कुशवाहा, टाइगर कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, संदीप गुर्जर, पवन पाठक सहित अनेक श्रद्धालु एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया गया।

# खेल खेलने से मानसिक व शारीरिक दोनों का विकास होता है : विधायक अग्रवाल



**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 24 दिसम्बर।** मेरा युवा भारत दतिया युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में शहीद भगत सिंह युवा मंडल इंदरगढ़ द्वारा कामद रोड स्थित शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समूह पुरुष वर्ग मे वॉलीबॉल समूह महिला वर्ग मे रस्सी खींच व एकल मे 100 मीटर 200 मीटर दौड़ व गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालिका वर्ग गोला फेक के साथ किया गया जिसमें ऋतु यादव प्रथम, रागिनी नरवरिया द्वितीय एवं छायाजाटव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं बालक वर्ग गोला फेक में बलबन पाल ने प्रथम स्थान रोहित पांडे द्वितीय स्थान शिव प्रताप भदोरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रिंसी प्रथम नैंसी द्वितीय , एवं राधिका जाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं बालक वर्ग 200 मी दौड़ में अरुण धाकड़ प्रथम, द्वितीय स्थान सत्यम बघेल , तृतीय स्थान पर मनीष बघेल रहे। वहीं वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में शासकीय आईटीआई कॉलेज इंदरगढ़ ने 2-1 से सांदीपनि विद्यालय इंदरगढ़ को हराकर विजेता बने वही रस्सी खींच महिला वर्ग मैं शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ ने एसएस कोचिंग क्लब को हराकर विजेता बनी ।

# पेपर बैग मेकिंग पर कार्यशाला का आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 24 दिसम्बर।** शासकीय महाविद्यालय में संचालित इको क्लब इकाई के तहत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम की श्रृंखला में दो दिवसीय 23दिसम्बर तथा 24 में पेपर बैग मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी द्वारा मां सरस्वती की वंदना से किया गया। प्राचार्य द्वारा छात्र/छात्राओं को पर्यावरण को बचाने के लिए किस प्रकार पॉलिथीन रहित पेपर बैग बनाकर सुरक्षा प्रदान की जाती है। यह बताया गया साथ ही आदिकाल से मानव ने प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर के अपना वातावरण बनाया है यह विचार भी प्रस्तुत किए तथा छात्र छात्राओं को पर्यावरण को बचाने के लिए इको क्लब के माध्यम से जो मुहिम चलाई जा रही है उसकी सराहना की । कार्यक्रम में ठुह्यह्य प्रभारी डॉ मुकेश कुमार मौर्य कार्यक्रम संचालक स्पोर्ट ऑफिसर श्री राघवेंद्र सिंह यादव इको क्लब प्रभारी डॉ शवाना बानो के निर्देशन में छात्र /छात्राओं ने पेपर से विभिन्न प्रकार के बैग बनाए । कार्यक्रम में अन्न महाविद्यालय स्टाफ़ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।